कार्यालय, मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पत्रांक– 1158 /11–सी–FP/UP/Road/25036/2017, लखनऊ, दिनांकः दिसम्बर 10 ,2018

सेवा में,

प्रमुख सचिव (वन),
उ0प्र0 शासन,
वन एवं वन्य जीव, अनुभाग–2,
लखनऊ।

विषयः– जनपद–बांदा में नरैनी से कालींजर तक सड़क के किमी0 35.00 से 60.825 तक तथा कालींजर–बघेलाबारी सड़क के किमी0 0.00 से 1.50 तक फोरलेन निर्माण कार्य हेतु कुल 31.58 हे0 संरक्षित वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक 1914 वृक्षों/पौधों के पातन की अनुमति के सम्बन्ध में।

सन्दर्भ– उ0प्र0 शासन का पत्रांक–3652/14–2–2018–800(149)/2018, दिनांक 03.12.2018

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित पत्र का अवलोकन करने की कृपा करें। उक्त संदर्भित पत्र के द्वारा विषयांकित प्रकरण में वांछित सूचना/अभिलेख इस कार्यालय के पत्रांक–1030/11–सी–FP/UP/Road/25036/2017, दिनांक 16.11.2018 द्वारा पूर्व में उ0प्र0 शासन को प्रेषित करते हुये प्रति पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मन्त्रालय, भारत सरकार, क्षेत्रीय कार्यालय (मध्य क्षेत्र) केन्द्रीय भवन, अलीगंज, लखनऊ को पृष्ठांकित किया गया। इस क्रम में विषयगत प्रकरण में भारत सरकार के पत्रांक–8बी/यू0पी0/06/76/2018/एफ0सी0/531, दिनांक 05.12.2018 द्वारा सैद्वान्तिक स्वीकृति निर्गत की जा चुकी है, जिसकी छायाप्रति संलग्न है। उक्त सैद्वान्तिक स्वीकृति के अनुपालनार्थ प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा ई–पेमेन्ट पोर्टल के माध्यम से आवश्यक धनराशि जमा करने हेतु ई–चालान जेनरेट किया जाना अपेक्षित है।

अतः उपरोक्त पत्रों की छायाप्रति इस अनुरोध के साथ प्रेषित की जा रही है कि कृपया विषयगत प्रकरण में निर्गत सैद्वान्तिक स्वीकृति को ऑनलाइन अपलोड करने हेतु, ऑनलाइन प्रस्ताव भारत सरकार को प्रेषित करने की कृपा करें, जिससे कि ई–पेमेन्ट पोर्टल के माध्यम से चालान जेनरेट करने हेतु प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा डिमांड पत्र ऑनलाइन अपलोड किया जा सके।

संलग्नकः–यथोक्त्।

भवदीय

10.12

(पंकज मिश्र)
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

संख्या– /11–सी–FP/UP/Road/25036/2017, दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. वन संरक्षक, चित्रकूटधाम वृत्त, बांदा।
2. प्रभागीय वनाधिकारी, बांदा वन प्रभाग, बांदा।
3. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0, बांदा।

(पंकज मिश्र)
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

Acy-2461